दिन– रविवार दिनांक– 29/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को पचहत्तर वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे साल भर चलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए कॉन्स्टीच्यूशन सेवन फाईव डॉट कॉम के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया। इस वेबसाइट पर लोग संविधान की प्रस्तावना पढ़ सकते हैं और अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। इस पर अलग–अलग भाषाओं में संविधान को पढ़ने का अवसर भी मिलता है और संविधान से जुड़े प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया।

एनीमेशन को लेकर प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कृष, तृष और बाल्टीबॉय, केटीबी, बच्चों में एक सुपरहिट एनीमेशन सीरीज है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सीरीज केवल भारतीय भाषाओं में नहीं बल्कि विदेशी भाषाओं में प्रसारित होती है। इसे दूरदर्शन के साथ–साथ अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है। आकाशवाणी से इस सीरीज का प्रसारण प्रत्येक रविवार को दिन में साढ़े दस बजे किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार शुरू करने का अर्थ है, तीस दिन के भीतर कैंसर रोगी का उपचार शुरू करना और आयुष्मान भारत योजना ने इसमें बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कैंसर से लडने का केवल एक ही मंत्र है– जागरूकता, कार्रवाई और आश्वासन।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्दियों के इस मौसम में देशभर में खेलों और फिटनेस से जुडी कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोग फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो हजार पच्चीस दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। उन्होंने सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा उन्हें विश्वास है कि आने वाले वर्ष में भारत नई ऊंचाईयों को छुएगा। उन्होंने श्रोताओं से अपने अनूठे प्रयासों को हैशटेग मन की बात के साथ साझा करने का आग्रह किया।

---

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का आज सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे चौहत्तर वर्ष के थे। धर्म को मानवता और परमार्थ से जोड़ने के पैरोकार किशोर कुणाल ने धार्मिक ट्रस्ट के माध्यम से महावीर कैंसर संस्थान, महावीर वात्सल्य अस्पताल सहित कई अस्पतालों के संचालन की शुरूआत की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आचार्य कुणाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में उम्मीदवारों का धरना प्रदर्शन बारहवें दिन भी जारी है। इधर, अभ्यर्थियों ने आज प्रशासन की अनुमति नहीं होने के बावजूद पटना के

गांधी मैदान में बैठक की और पुनर्परीक्षा कराने की मांग को लेकर जोरदार प्रर्दशन किया।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अन्य स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। इस दौरान सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान मे कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्यभर के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान मे दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी की संभावना है, जिससे ठंड और कनकनी में वृद्धि होगी।

———————————————————————————

समाप्त